# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

शनिवार

10 फरवरी 2024

आपकी आवाज





21 एकड़ में लगी अफीम की फसल नष्ट, 7 को जेल 2




# चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव व स्वामीनाथन को भारत रत्न

- सरकार ने कुछ दिन पहले ही बिहार के पूर्व सीएम कपूर्री ठाकुर और बीजेपी के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान दिए जाने की घोषणा की थी

**केटी न्यूज/नई दिल्ली**

देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, आर्थिक सुधारों के जनक पीवी नरसिम्हा राव और मशहूर कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। पीएम मोदी ने शुक्रवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी। कुछ दिन पहले ही सरकार ने बिहार के पूर्व सीएम कपूर्री ठाकुर और बीजेपी के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान दिए जाने की घोषणा की थी। पीएम मोदी ने ट्वीट में लिखा कि हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है। उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हों या देश के गृहमंत्री और यहां तक कि एक विधायक के रूप में भी, उन्होंने हमेशा राष्ट्र निर्माण को गति प्रदान की। वे आपातकाल के विरोध में भी डटकर खड़े रहे। हमारे किसान भाई-बहनों के लिए उनका समर्पण भाव और इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र के लिए उनकी प्रतिबद्धता पूरे देश को प्रेरित करने वाली है।

## देश और समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करनेवालों को मिलता है यह सर्वोच्च सम्मान



इससे पहले भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने का ऐलान किया गया था। साल 2024 में इसके साथ ही 5 लोगों को भारत रत्न देने की घोषणा की जा चुकी है। लेकिन साल 2023 में किसी को भी भारत रत्न नहीं दिया गया था। इसी कारण इस साल पांच महान हस्तियों को भारत रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया। भारत रत्न देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है और यह सिर्फ भारत के नागरिकों को दिया जाता है। भारत रत्न उन लोगों को दिया जाता है, जिन्होंने देश और समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य किया हो जिसका भारत की प्रगति और विकास पर प्रभाव पड़ा हो। भारत रत्न देने की परंपरा देश के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने 2 जनवरी 1954 से शुरू की थी। शुरूआत में यह सम्मान साहित्य, कला, विज्ञान और सामाजिक क्षेत्र में किसी शख्सियत के उसके विशिष्ट योगदान के लिए दिया जाता था। बाद में इसका दायरा बढ़ा दिया गया। देश में पहला भारत रत्न देश के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को मिला था। उनको एक अच्छे दार्शनिक, राजनेता और अकादमिक के रूप में विशिष्ट सेवाओं के लिए 1954 में यह पुरस्कार दिया गया था।

पीएम मोदी ने नरसिम्हा राव के बारे में सम्मान की घोषणा के साथ लिखा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारे पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव गारू को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। एक प्रतिष्ठित विद्वान और राजनेता के रूप में, नरसिम्हा राव गारू ने विभिन्न क्षमताओं में बड़े पैमाने पर भारत की सेवा की। पीएम ने लिखा कि उनका दूरदर्शी नेतृत्व भारत को आर्थिक रूप से उन्नत बनाने, देश की समृद्धि और विकास के लिए एक ठोस नींव रखने में सहायक था। पीएम मोदी ने लिखा कि प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने भारत को वैश्विक बाजारों के लिए खोल दिया। इससे आर्थिक विकास के एक नए युग को बढ़ावा मिला। इसके अलावा, भारत की विदेश नीति, भाषा और शिक्षा क्षेत्रों में उनका योगदान एक ऐसे नेता के रूप में उनकी बहुमुखी विरासत को रेखांकित करता है, जिन्होंने न केवल महत्वपूर्ण परिवर्तनों के माध्यम से भारत को आगे बढ़ाया बल्कि इसकी सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत को भी समृद्ध किया।

# पटना के खगौल में प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या, दहशत

**केटी न्यूज/पटना**



राजधानी पटना के खगौल थाना क्षेत्र के नयन चक काली मंदिर के नजदीक गुरुवार की देर रात अपराधियों ने प्रॉपर्टी डीलर को गोलियों से भून डाला। आसपास के लोग इलाज के लिए पटना के एक निजी नर्सिंग होम ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाका में सनसनी का माहौल कायम हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है।

मृतक की पहचान प्रॉपर्टी डीलर भानू पासवान के रूप में हुई है, जो कि खगौल थाना क्षेत्र के नयन चक के निवासी बताए जा रहे हैं। घटना की जानकारी देते हुए भानू पासवान के साला चितरंजन पासवान ने बताया कि भानू पासवान (40) गुरुवार की देर रात अपनी कार से घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि घर से कुछ दूरी पर गाड़ी से उतरकर वह पैदल ही घर पहुंचने वाले थे। इसी क्रम में नयनचक काली मंदिर के नजदीक पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ चार गोलियां दाग दीं। सिर और शरीर में गोली लगते ही भानू पासवान वहीं गिर पड़े।

## लैंड फॉर जॉब मामले में कोर्ट ने दी बड़ी राहत

# राबड़ी देवी, मीसा व हेमा को मिली अंतरिम जमानत

- दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 28 फरवरी तक जमानत याचिका पर दलीलें दाखिल करने के लिए दिया समय
- 2004 से 2009 के बीच लालू यादव के रेल मंत्री रहते हुए रेलवे भर्ती में घोटाला हुआ

**एजेंसी/नई दिल्ली**

बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से फौरी राहत मिल गई है। कोर्ट ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में तीनों को 28 फरवरी तक अंतरिम जमानत दे दी है। विशेष न्यायमूर्ति विशाल गोगने ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के उस दावे के बाद तीनों आरोपियों को जमानत दे दी कि उसे उनकी नियमित जमानत याचिका पर दलीलें दाखिल करने के लिए समय चाहिए।

विशेष कोर्ट ने मामले में प्रवर्तन निदेशालय की शिकायत के बाद बिहार की लालू परिवार के कई सदस्यों को समन किया था। इसमें लालू यादव की पत्नी राबड़ी, उनकी बेटियां मीसा और हेमा शामिल थीं। जानकारी के मुताबिक ईडी ने 8 जनवरी, 2024 को पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत अमित कत्याल, राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव, हृदयानंद चौधरी और दो कंपनियों मेसर्स ए के इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, मैसर्स ए बी एक्सपोर्ट्स प्रा. लिमिटेड के खिलाफ अभियोजन शिकायत दाखिल की थी। शिकायत नौकरी के लिए भूमि घोटाले मामले में पीएमएलए के समक्ष पेश की गई। विशेष कोर्ट ने 27 जनवरी को इस पर संज्ञान लिया और आरोपी व्यक्तियों को आगे की सुनवाई के लिए 9 फरवरी को उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया था।

उधर, ईडी ने इस मामले में बड़ा दावा किया था। ईडी के अनुसार राजद प्रमुख लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी की गौशाला के एक पूर्व कर्मचारी ने रेलवे में नौकरी पाने के इच्छुक व्यक्ति से संपत्ति हासिल की और बाद में उसे लालू-राबड़ी दंपती की पुत्री हेमा यादव को सौंप दी। केंद्रीय एजेंसी ने इस महीने की शुरूआत में दिल्ली की एक अदालत में आरोप-पत्र दायर किया था, जिसमें राबड़ी देवी, मीसा भारती हेमा यादव को आरोपी बनाया गया है।



### समझें... क्या है नौकरी के बदले जमीन घोटाला?

- 2004 से 2009 के बीच लालू यादव यूपीए सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि लालू के रेल मंत्री रहते हुए रेलवे भर्ती में घोटाला हुआ। कहा जा रहा है कि नौकरी लगवाने के बदले आवेदकों से जमीन और प्लॉट लिए गए।
- सीबीआई ने इस मामले में जांच के बाद लालू प्रसाद यादव और उनकी बेटी मीसा भारती के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोप है कि जो जमीनें ली गईं वो राबड़ी देवी और मीसा भारती के नाम पर भी ली गईं।
- रेल भर्ती से जुड़े एक और घोटाले का आरोप यूपीए सरकार में रेल मंत्री रहे पवन बंसल के भांजे विजय सिंगला पर भी लगा है।
- मामले में सीबीआई ने विजय सिंगला समेत 10 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में विजय सिंगला पर मनी लॉन्ड्रिंग का भी आरोप है।

### एजेंसी ने जब्त की है 6 करोड़ की संपत्ति

प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत लालू प्रसाद के परिवार और उनसे जुड़ी कंपनियों की 6 करोड़ रुपए की संपत्ति भी जब्त की है। जांच जारी है और मामले को आगे की कार्यवाही के लिए सूचीबद्ध किया गया है। फिलहाल बिहार में लालू यादव नीतीश कुमार द्वारा शुरू किए गए संग्राम का सामना कर रहे हैं।

# गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी से पूछा, किस जाति से हैं आप?

**केटी न्यूज/पटना**

2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पूर्व देश में जाति को लेकर राजनीति शुरू हो गयी है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन्म से ओबीसी नहीं हैं। जन्म से सामान्य वर्ग के सदस्य हैं। उन्होंने अपनी जाति को ओबीसी वर्ग में शामिल करा लिया है। राहुल गांधी के इस बयान का पलटवार करते हुए गिरिराज सिंह ने कांग्रेस सांसद से पूछा कि आपकी जाति क्या है?

केंद्रीय मंत्री व बेगूसराय सांसद गिरिराज सिंह ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से उनकी जाति के बारे में पूछा। कहा कि राहुल जी आप किस जाति से हैं? देश आपकी जाति के बारे में जानना चाहता है। इसलिए बता ही दीजिए। गिरिराज ने कहा कि राहुल गांधी आपके नाना जवाहर लाल नेहरू और दादी इंदिरा गांधी ने ओबीसी को आरक्षण नहीं दिया। आज देश में बीजेपी की सरकार है तब आप ओबीसी-ओबीसी चिल्ला रहे हैं। जब देश में आपकी सरकार थी तब ओबीसी आरक्षण क्यों नहीं दिया।

### चोरी और सीना जोरी नहीं चलेगी

उत्तराखंड के हल्द्वानी में अतिक्रमण हटाने गई पुलिस टीम पर हमला और आगजनी मामले पर कहा कि चोरी और सीना जोरी नहीं चलेगी। कानून किसी को हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। कानून अपना काम करेगा। किसी को धर्म के नाम पर कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है और अवैध जमीन पर हुए कब्जे को यदि सरकार खाली कराती है तो उसमें किसी को अवरोधक नहीं बनना चाहिए। धर्म की आड़ में सरकार को बदनाम करने की साजिश हो रही है।

# यूपी के सरकारी स्कूलों में बढ़े हैं 40 लाख विद्यार्थी: सीएम योगी

**केटी न्यूज/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि प्रदेश में शिक्षा में समानता लाने के व्यापक प्रयास हुए हैं, जो सामाजिक असमानता को दूर करने में सहायक होगा। यूपी विधानपरिषद में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान डॉ आकाश अग्रवाल के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले सात साल में यूपी में शिक्षा के स्तर को सुधारने का प्रयास सर्वविदित है। बेसिक शिक्षा परिषद में 1,32,000 विद्यालयों में कायाकल्प अभियान के अंतर्गत इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुधारने का प्रयास हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 40 लाख से अधिक नये बच्चों ने प्रवेश लिया है।

सीएम योगी ने बताया कि सभी बच्चों को बैग, बुक, जूता, मोजा, स्वेटर प्रदान किया जा रहा है। यही नहीं फेज वाइज एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम को यूपी बोर्ड में भी लागू करने का प्रयास हो रहा है। बताया कि अप्रैल और जुलाई में स्कूल चलो अभियान चलाया जाता है। प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में 40 लाख नये बच्चों की वृद्धि ये दिखाती है कि सरकार के द्वारा किये गये प्रयासों का परिणाम सामने आ रहा है और आरटीई का उद्देश्य पूरा हो रहा है।

# ज्योति मांझी ने रत्नेश सदा का विभाग छीनकर संतोष सुमन को देने पर फिर जताई आपत्ति

### जीतन राम मांझी के परिवार में कलह

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में नई सरकार के गठन के बाद विभागों के बंटवारे को लेकर जीतन राम मांझी के परिवार में कलह शुरू हो गई है। हम पार्टी की विधायक और जीतन राम मांझी की समधन ज्योति मांझी ने उनके भाई रत्नेश सदा से उनका विभाग छीनकर संतोष सुमन को मंत्री बनाने पर आपत्ति जताई है। त्योति मांझी ने कहा है कि संतोष सुमन को भले ही किसी दूसरे विभाग का मंत्री बनाया जाता लेकिन उनके भाई से विभाग छीनकर उन्हें मंत्री बना दिया गया, जो ठीक नहीं है।

हम विधायक ज्योति मांझी ने कहा कि उनके भाई रत्नेश सदा को मंत्री पद से हटाकर उस विभाग को संतोष मांझी को क्यों दिया गया है यह तो नीतीश कुमार और एनडीए के शीर्ष नेता ही बता सकते हैं। उन्होंने कहा कि संतोष मांझी को मंत्री पद मिला है इससे कोई दिक्कत नहीं है लेकिन जिन विधायकों को कई विभागों का मंत्री बनाया गया है उसी विभाग में से किसी विभाग का मंत्री संतोष सुमन को बनाना चाहिए था, मेरे भाई का ही पद क्यों छीन लिया गया। ज्योति मांझी ने कहा कि विभाग कोई अच्छा या बुरा नहीं होता है, सभी विभाग काम करने के लिए होते हैं लेकिन विभाग मेरे भाई से लेकर संतोष मांझी को दे दिया गया, यह ठीक नहीं है।

### मेरे भाई से मंत्री पद छीना जाना बेहद दुखदाई



जीतन राम मांझी द्वारा बड़े विभागों की मांग किए जाने के सवाल पर हम विधायक ने कहा कि विभाग कोई भी मिला हो उससे कोई दुख नहीं है लेकिन सिर्फ एक बात का ही दुख है कि मेरे भाई से मंत्री पद छीनकर उसे संतोष सुमन को दे दिया गया। उन्होंने कहा कि इसको लेकर सरकार पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है, हमलोग सरकार को समर्थन करेंगे और नीतीश कुमार को फ्लोर टेस्ट में जीताएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी एक ही मांग है कि हमारे भाई रत्नेश सदा का जो विभाग था उन्हें वापस मिलना चाहिए। बिना पद का हमारी पार्टी का कोई भी नेता रह सकता है लेकिन किसी का पद छीनकर दूसरे को नहीं दिया जाए, यह अच्छा नहीं लगता है। एक घर में लोग दुख में रहें और दूसरे घर में खुशी मनाई जाए, यह कितना बुरा लगता है।

## जल जीवन मिशन: पहले 41 दिन में होती थी बिलिंग, अब लगते हैं मात्र 14 दिन

# ईएमबी से 100% बिलिंग करने वाला पहला राज्य बना यूपी

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जल जीवन मिशन के तहत उत्तर प्रदेश ने अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। इस क्रम में जल जीवन मिशन में ऑनलाइन बिलिंग सॉफ्टवेयर इलेक्ट्रॉनिक मेजरमेंट बिल (ईएमबी) को 100 प्रतिशत लागू करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। इस बिलिंग सॉफ्टवेयर के लागू होने से जल जीवन मिशन में काम करने वाली कंपनियों को सिर्फ 14 दिनों में पेमेंट हो जाता है। ये पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने की वजह से इसमें किसी भी तरह के भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं होती है। ई-मेजरमेंट बिल (ईएमबी) के जरिए इतने बड़े पैमाने पर पेमेंट करने वाला उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य बन गया है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले यह लक्ष्य हासिल किया है।




इलेक्ट्रॉनिक मेजरमेंट बिलिंग सिस्टम लागू होने से पहले जल जीवन मिशन के तहत काम करने वाली कंपनियों को पेमेंट होने में कम से कम 41 दिन का समय लगता था। जिसकी वजह से मिशन के तहत होने वाले काम की रफ्तार भी धीमी पड़ने लगी थी परन्तु अब ईएमबी के तहत पेमेंट होने से कंपनियों को महज 14 दिन में बिलिंग हो जाती है। कम समय में बिलिंग होने की वजह से जल जीवन मिशन के तहत होने वाले काम की रफ्तार भी तेज हुई है।

### ऐसे भ्रष्टाचार पर लगाम लगा रहा ईएमबी

सरकारी विभागों में बिलिंग में भ्रष्टाचार की अक्सर शिकायतें आती हैं। मगर जल जीवन मिशन में ईएमबी के जरिए बिलिंग की प्रक्रिया शुरू होने के बाद बिलिंग में होने वाले भ्रष्टाचार पर पूरी तरह से अंकुश लग गया है। ये पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने की वजह से कोई भी अधिकारी या कर्मचारी बेवजह फाइल को लटका नहीं सकता है। साथ ही पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने की वजह से अधिकारी किसी भी पेमेंट की फाइल को मॉनीटर भी कर सकता है। जल निगम ग्रामीण के एमडी डॉ. बलकार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया प्रोग्राम और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति को आगे बढ़ाते हुए जल निगम (ग्रामीण) ने जल जीवन मिशन में बिलिंग प्रक्रिया को पूरी तरह से ऑनलाइन किया है। इससे मिशन के तहत होने वाले कामों की रफ्तार तेज हुई है। वहीं दूसरी ओर भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगा है।

**ऐसे काम करता है ईएमबी:** इस सॉफ्टवेयर के जरिए जल जीवन मिशन में काम करने वाली कंपनी काम पूरा होने के बाद एक बिल सभी मेजरमेंट के साथ ऑनलाइन ईएमबी पर अपलोड करती है। कंपनी द्वारा बिल अपलोड करने के बाद कंपनी द्वारा दिए गए सभी आंकड़ों की जांच कर जूनियर इंजीनियर बिल पर अपने कमेंट लिखता है। इसके बाद ये फाइल असिस्टेंट इंजीनियर के पास जाती है। वो भी अपने कमेंट बिल पर देता है। इसके बाद थर्ड पार्टी अपना अप्रूवल देती है। इसके बाद अधिशासी अभियंता सभी तथ्यों की जांच कर फाइल को ऑनलाइन ही फाइनेंस के पास भेज देता है। इसके बाद फाइनेंस अधिकारियों की जांच के बाद कंपनी को पेमेंट कर दिया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में 14 दिन का अधिकतम समय लगता है।




# स्वास्थ्य संस्थानों की सेवाओं को सुदृढ़ किया जाए व निर्धारित समय पर खुले: डीएम

- अवैध क्लिनिकों व अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों को चिंहित कर विधिसम्मत कार्रवाई करने का डीएम का निर्देश

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

समाहरणालय के सभा कक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने की। इस बैठक में डीएम ने जिला स्तरीय पदाधिकारीयों सहित जिले के सभी उपाधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक, स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक एवं डेवलपमेंट पार्टनर प्रतिनिधियों को विभिन्न समीक्षित बिंदुओं पर निर्देश दिए गए। उक्त आशय की जानकारी देते हुए डीपीएम मो. अनवर आलम ने बताया गया कि डीएम ने इस विषय पर जोर दिया गया कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों की सेवाओं को सुदृढ़ किया जाए तथा निर्धारित समय के अनुसार खुलवाया जाए। इस क्रम में किसी भी स्तर पर होने वाली लापरवाही के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। लिंगानुपात की समीक्षा के क्रम में अवैध क्लिनिकों एवं अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों को चिंहित कर विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश डीएम ने दिया। इस क्रम में सदर अस्पताल एवं अनुमंडलीय अस्पताल



में सिजेरियन सेक्शन की संख्या में कमी को लेकर अप्रसन्नता व्यक्त की गई तथा निर्देश दिया गया कि हर जरूरतमंद को ऑपरेशन की सुविधा मिलनी चाहिए. सदर अस्पताल सहित सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए यह निर्देश दिया गया कि इंज्यूरी एवं पोस्टमार्टम का रिपोर्ट यथाशीघ्र तैयार कराया जाए तथा हर संभव अद्यतन रखा जाए। स्वास्थ्य सेवाओं के कंप्यूटरीकरण की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना का कार्यान्वयन प्रभावी तरीके से कराने का निर्देश दिया गया। इस क्रम में यदि किसी चिकित्सक को कंप्यूटर संबंधित काम में दिक्कत हो रही हो तो उन्हें हैंड होल्ड सपोर्ट करवाने का निर्देश दिया गया। ओपीडी कार्यों में रुचि नहीं लेने वाले चिकित्सकों का वेतन स्थगित रखने का निर्देश दिया। प्रसव पूर्व जांच एवं प्रसव की उपलब्धि में संख्या कम होने को लेकर नबीनगर एवं दाउदनगर के प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरकों का मानदेय स्थगित रखने का निर्देश दिया गया। टीकाकरण सत्रों को निर्धारित कार्य योजना के अनुसार संचालित करने तथा सत्र के दौरान प्रसव पूर्व जांच की व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया। मिशन बुनियाद के तहत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के सुदृढ़ीकरण हेतु कार्य योजना की समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया गया कि अपर मुख्य सचिव बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दिए गए निदेशों का बिंदु बार अनुपालन कराया जाए। इस बैठक में सिविल सर्जन डॉ रवि भूषण श्रीवास्तव, डॉ. किशोर कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

## अवैध खनन पर लगायें लगाम : एसपी

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण, अवैध खनन व शराबबंदी पर लगाम लगाने में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी थानाध्यक्ष अपने-अपने थाना क्षेत्रों में लगातार चौकसी बरतें। आगामी लोकसभा चुनाव में थानाध्यक्ष चौकसी बरतें। क्राइम मीटिंग में एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने थानाध्यक्ष व सभी पुलिस पदाधिकारियों को कहीं। उन्होंने पुलिसकर्मियों एवं पदाधिकारियों की समस्याओं को सुनकर उनका निवारण करने हेतु संबंधित शाखा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हर हाल में अपराध पर नियंत्रण व शराबबंदी कानून को सफल पूर्वक लागू करना सबकी जिम्मेवारी होगी। एसपी ने लंबित वारंट व उसके निष्पादन तथा कांड में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जानकारी ली गई। एसपी ने कहा कि थाना क्षेत्रों में पुलिस गश्ती, रोको टोको अभियान तथा शराब के विरुद्ध लगातार अभियान प्रभावी रूप से जारी रहनी चाहिए। प्राथमिकता के आधार पर सभी लंबित वारंट, इश्तेहार, कुर्की जब्ती का निष्पादन करेंगे और न्यायालय के निर्देश का अनुपालन करेंगे। सभी वांछित फरार अपराधियों की गिरफ्तारी करेंगे।

## खबरें फटाफट

### हत्यारोपी अभियुक्त को आजीवन कारावास

**औरंगाबाद।** हत्या के मामले में अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है और जुर्माना लगाया गया है। सजा प्राप्त अभियुक्त ओबरा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी अभिषेक कुमार उर्फ अभिषेक गिरी हैं। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडीजे 10वें रत्नेश्वर सिंह ने ओबरा थाना की एक कांड में सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए एकमात्र काराधीन बंदी अभियुक्त को आजीवन कारावास एवं पच्चीस हजार जुर्माना लगाया है जुर्माना न देने पर छह माह अतिरिक्त कारावास होगी। एपीपी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त को हत्या और आर्म्स एक्ट में सजा सुनाई गई है तथा जुर्माना लगाया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक अरंडा गांव निवासी चितरंजन दुबे ने घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसमें बताया कि गांव में बराती आई हुई थी जिसमें देर रात कुछ ग्रामीणों के साथ हमारा पुत्र बब्लू दुबे भी डांस कर रहा था। इसी क्रम में अभियुक्त का बब्लू के साथ विवाद हो गया जिसमें अभियुक्त ने बब्लू को गोली मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंचा तो बब्लू को आनन-फानन में सदर अस्पताल औरंगाबाद में भर्ती करवाया।

### गया जिला सीमा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर खेती का खुलासा

# 21 एकड़ में लगी अफीम की फसल नष्ट, 7 को जेल


- सुरक्षा बलों की देखरेख में प्रशासन ने कराया नष्ट
- अंतराष्ट्रीय बाजार में अफीम की कीमत आठ करोड़ से अधिक

**रामविनय सिंह/औरंगाबाद**



मदनपुर थाना क्षेत्र एवं गया जिले के सीमा क्षेत्र में अवैध रुप से बड़े पैमाने पर की जा रही अफीम की खेती करने का खुलासा हुआ है। प्रशासन ने सुरक्षा बलों के सहयोग से खेतों में लगी फसल को नष्ट कराया। पुलिस ने इस मामले से जुड़े सात आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस आशय की जानकारी मदनपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने दी। विदित हो कि महज दो दिन पूर्व राजेश कुमार ने थाना की कमान संभाली थी। दो दिनों के अंदर ही इसका खुलासा कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि बड़े पैमाने पर अफीम की खेती हो रही है। थानाध्यक्ष ने टीम तैयार कर पूरे इलाके का मुयाना कर उसकी पहचान करते हुए इसकी सूचना वरीय पदाधिकायिों को दी। लहलहाती अफीम को खेती को नष्ट किया। साथ ही निमिडिह गांव निवासी विनय रिकियासन, ढकपहरी गांव निवासी सत्येन्द्र भुईयां, गया जिले के तारचुआं एवं छकरबंधा गांव निवासी मो. डॉ दानिश अनवर, उमाशंकर साव, गोबिंद साव एवं उपेन्द्र प्रसाद गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल थे। इन सभी को अफीम की खेती करने के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में बीडीओ कुमुद रंजन, उत्पाद विभाग एवं वन विभाग के अधिकारी शामिल रहे। इसके पूर्व भी नक्सल प्रभावित इलाकों में अफीम की खेती को नष्ट किया गया है। वहीं इस बात की चर्चा हो रही है कि इतने दिनों से छुपाकर खेती की जा रही थी। लेकिन, किसी को इसकी भनक नहीं लग पायी थी। परंतु थानाध्यक्ष ने इसका खुलासा कर दिया। वहीं सूत्रों की मानें तो एक एकड़ में लगभग 40 किलोग्राम अफीम का उत्पादन होता है। एक किलोग्राम अफीम की कीमत 80 हजार से एक लाख रुपये के बीच होती है। इस हिसाब से देख जाए तो लगभग आठ करोड़ रुपये के फसल को नष्ट किया गया है।

# छात्रा की फोटो वायरल करने की धमकी, एफआईआर दर्ज



**केटी न्यूज/आरा**

कोचिंग जाने के दौरान दोस्त बने एक युवक द्वारा छात्रा को ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। छात्रा की ओर से अकेले में मिलने से मना करने पर युवक द्वारा इंस्टाग्राम और फेसबुक पर अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी दी जा रही है। घटना नवादा थाना क्षेत्र की है। इसे लेकर छात्रा की ओर से थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। आरोपित युवक बहिरो का रहने वाला है। प्राथमिकी में कहा गया है कि कोचिंग आने जाने के दौरान छात्रा की विशाल नामक युवक से जान-पहचान हुई थी। उस दौरान उसने धोखे से उसका प्राइवेट फोटो और वीडियो बना लिया। उसके बाद अकेले में मिलने के लिए बुलाने लगा। छात्रा द्वारा मिलने से इनकार करने पर युवक की ओर से फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। उसका कहना था कि छात्रा की शादी नहीं होने देगा। उसका जीवन बर्बाद कर देगा। उसके द्वारा छात्रा के नाम से फेक इंस्टाग्राम, फेसबुक व व्हाट्सएप आइडी बना कर अश्लील व गंदे मैसेज भेजने लगा। युवक और उसके दोस्त द्वारा छात्रा का रास्ते में पीछा भी किया जा रहा था एवं गंदे कमेंट भी करते थे। यह सिलसिला पिछले करीब 11 माह से चल आ रहा था। पहले छात्रा इस बात को इग्नोर कर रही थी। लेकिन, जब बात आगे बढ़ने लगी। तब उसने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी। और छात्रा द्वारा प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। बहरहाल पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन और आरोपित की धरपकड़ में जुटी है। पुलिस को कहना है कि जल्द ही युवक पकड़ा जाएगा।

## एक नजर

### सिपाही की चोरी गयी बाइक बरामद

**आरा।** नगर थाने की पुलिस ने वी-मार्ट के पास से सिपाही की बाइक की चोरी करने में दो चोरों को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर चोरी गयी बाइक भी बरामद कर ली गयी। पकड़े गए चोरों में बड़हरा थाना क्षेत्र के पैगा गांव निवासी मनीष कुमार उर्फ विकास कुमार और उदवंतनगर थाना क्षेत्र के मसाढ़ टोला निवासी संजय कुमार शामिल हैं। बाइक पिछले 25 जनवरी की शाम वी-मार्ट के पास से चोरी गयी थी। बाइक कृषि भवन स्थित ईवीएम सुरक्षा बल में तैनात शेखपुरा निवास सिपाही जीतेंद्र कुमार की है। उसे लेकर सिपाही की ओर से नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उसमें कहा गया है कि 25 जनवरी की शाम वह किसी काम से वी-मार्ट के पास गया था। वहीं से उसकी बाइक चोरी चली गयी थी। पुलिस ने फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरों से पुछताछ की थी। इस बात का अंदेशा जताया जा रहा है कि उनलोगों की निशानदेही पर अन्य बाइक भी बरामद किया जाएगा।

### छात्राओं ने तीन किशोर पर लगाया मारपीट का आरोप

**औरंगाबाद।** गोह थाना मुख्यालय मे दो छात्राओ के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश मे आया है। इस सबंध मे छात्राओ ने थाना मे लिखित शिकायत कर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की अनुसंधान मे जुट गई है। आवेदन में पीड़ित छात्राओ ने बताया है की हमलोग कोचिंग से पढ़ाई कर अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान तीन लड़के आए ओर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे जब कुछ लोग वहा आए तो तीनों आरोपी किशोर भाग गया। मामले मे थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया की पीड़ित छात्राओं के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जिसमें तीन नाबालिग को आरोपी बनाया गया है। मामले की अनुसंधान जारी है।

### अज्ञात चोरों ने की हजारों की संपत्ति की चोरी

**औरंगाबाद।** उपहारा थानाक्षेत्र के तेआप गांव मे अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए हजारों की संपती पर हाथ साफ किया है। मामले मे तेयाप बिगहा गाव निवासी स्व युगेशवर प्रसाद बर्मा के पुत्र छोटू कुमार बर्मा ने बताया की मै रोज की तरह अपना तेयाप मोड पर स्थित इलेक्ट्रॉनीक दुकान बंद कर घर गए थे । अपने दोस्त संतोष कुमार के साथ घर मे सोये हुए थे।सुबह जब जागे तो घर मे बिखरा समान देखकर चौक गया जब रूम मे गया तो सारा समान इधर उधर देखकर होश उड़ गए। घर मे रखा चावल लगभग 12 मन धान लगभग 18 मन ,बर्तन,सहित अन्य समान गायब था। पीड़ित ने बताया की चोरी की सूचना पुलिस को दी।

### घास काटने गयी अधेड़ विधवा के साथ मारपीट

**आरा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की शाम एक अधेड़ विधवा के साथ मारपीट व दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। घास काटने बधार गयी विधवा के साथ बगल के गांव के एक युवक द्वारा मारपीट और दुष्कर्म किये जाने का आरोप लगाया जा रहा है। विधवा के शोर मचाने पर ग्रामीणों द्वारा आरोपित युवक को पकड़ लिया गया व जमकर पिटाई कर दी गयी। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। युवक छोटकी सनदियां गांव निवासी अनिल कुमार है। बाद में पुलिस द्वारा पीड़िता और आरोपित दोनों का सदर अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। पीड़िता का कहना है कि वह शुक्रवार को बधार में घास काटने गयी थी। तभी आरोपित युवक पहुंच गया और खेत से खेसारी काटने का आरोप लगाते हुए डंडा से मार दिया। उसमें उसका सर फट गया और वह जमीन पर गिर पड़ी। उसके बाद आरोपित द्वारा उसके साथ दुष्कर्म किया गया। साथ ही घटना के बारे में किसी को बताने पर जान मारने की धमकी भी दी गयी। उसके द्वारा शोर मचाने पर गांव के लोग पहुंच गये और भाग रहे युवक को खदेड़ कर पकड़ लिया गया। उसके बाद उसकी जमकर धुनाई कर दी गई। उससे वह भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर डायल 112 नंबर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ा कर इलाज के लिए अपने साथ सदर अस्पताल ले गयी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# जहानाबाद: सड़क दुर्घटना में मां-बेटे समेत तीन लोग घायल

- पाली के पास दो बाईकों के बीच हुई भीषण टक्कर
- घायलों का सदर अस्पताल में कराया गया इलाज

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जहानाबाद सड़क दुर्घटना में मां बेटे समेत तीन लोग हुए घायल पाली के पास दो बाईकों के बीच भीषण टक्कर हो गई। जिसके बाद एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायल बाइक सवार को आनन फानन में सदर अस्पताल में लाया गया है, जहां की इलाज की प्रक्रिया जारी है। घायल बाइक सवार काको प्रखंड के मखदुमपुर अहरा गांव निवासी विजय यादव का पुत्र राकेश कुमार है। वहीं दूसरी घटना गया पटना सड़क पर एनएच-83 दरधा पुल के समीप का है। जहां एक महिला अस्पताल से इलाज करा कर



लौट रही थी। तभी पीछे से एक बाइक सवार ने जबरदस्त रूप से टक्कर मार दिया। जिसके कारण महिला पूजा कुमारी एवं उसका 2 साल का बच्चा प्रिंस कुमार सड़क के किनारे गिर गया। जिसके कारण गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास के लोगों के सहयोग से दोनों की इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टर द्वारा इलाज किया जा रहा है। डॉक्टरों ने बच्चे की हालत को गंभीर बताया है। वहीं दो अन्य को सामान्य स्थिति बतायी है। सभी का बेहतर इलाज कराया जा रहा है। आसपास के लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार से बाइक चलाने के कारण यह घटना घटी है। जिले में लगातार सड़क घटना हो रही है सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण है कि तेज रफ्तार से वाहन चलाने के कारण घट रही है, लेकिन वाहन चालक घटना से सीख नहीं ले रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है बाइक चालक अपने साइड मिरर पर ध्यान नहीं देते है और अपने वाहन को अचानक मोड देते है जिस कारण इस तरह की घटना हो रही है। यदि जरा सी सावधानी रखी जाएगी। तब इस तरह की घटनाओं को लगाम लगाया जा सकता है।

# दुकानदार के भाई को गोली मारने में एक आरोपित ने किया सरेंडर, दूसरे की तलाश

**केटी न्यूज/आरा**

गड़हनी बाजार स्थित बनास नदी पुल के समीप मंगलवार दोपहर दुकानदार के भाई को गोली मारने में एक आरोपित ने सरेंडर कर दिया। पुलिस की दबिश के कारण आरोपित द्वारा शुक्रवार को कोर्ट के समक्ष समर्पण कर दिया गया। उसके बाद कोर्ट के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। आरोपित आयर थाना क्षेत्र के महथिन टोला निवासी प्रदीप कुमार है। थानाध्यक्ष रणवीर कुमार की ओर से आरोपित के सरेंडर किये जाने की पुष्टि की गयी है। उन्होंने बताया कि पुलिस की लगातार छापेमारी और दबिश के कारण एक आरोपित द्वारा सरेंडर कर दिया गया है। दूसरे की गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही है। उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बता दें कि मंगलवार की दोपहर उधार नहीं देने पर इलेक्ट्रॉनिक दुकानदार के भाई अनूप कुमार को गोली मार दी गयी थी। चरपोखरी थाना क्षेत्र के बालबांध गांव निवासी अनूप के भाई की गड़हनी बाजार में दुकान है। घटना के बाद व्यवसायी संगठन की ओर से सड़क जाम और प्रदर्शन भी किया गया था। उस मामले को लेकर जख्मी अनूप कुमार के बयान पर महथिन टोला गांव निवासी अनिल कुमार और प्रदीप कुमार पर गोली मरने का आरोप लगाया गया है।

# फाइलेरिया कार्यक्रम के लिए बनेगी 509 लोगों की टीम, किया जाएगा जागरूक




**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जहानाबाद अस्पताल परिसर में फलेरिया को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया डॉक्टर अजय कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाइलेरिया को भगाने के लिए 10 तारीख से दवा खिलाने का एक कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिसमें 10 लाख 58 276 लोगों को स्वास्थ्य विभाग के टीम घर-घर जाकर खिलाने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए पूरे जिले में 509 लोगों बनाया जाएगा। जो एक कार्यक्रम में शामिल होगा। लगभग 33 लाख लोगों को दवा खिलाने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि 2 वर्ष से अधिक उम्र वाले बच्चों को यह दवा खिलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने यह संकल्प लिया है कि फाइलेरिया रोग को जड़ से मिटा देंगे। यह कार्यक्रम दो दिनों तक विशेष रूप से चलाया जाएगा। इसके बाद दवा वितरण का एक केंद्र बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस रोग को एंटी हाथी पैर रोग भी बोला जाता है। उन्होंने कहा कि जिसको भी यह रोग होता है। उसका पैर फूल जाता है। समाज के लोग अपेक्षित भाव से उसे देखते हैं। जिसके कारण वह व्यक्ति समाज में बैठना भी नहीं चाहता है और घर में ही दुबके रहता है।






# ओवरब्रिज की अनदेखी से गुमटी पर हर दिन लग रहा महाजाम

मुद्दे की बात

**केटी न्यूज/डुमरांव**



भोजपुर-बिक्रमगंज मुख्य सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग 120 का दर्जा मिला है और यह सड़क डुमरांव अनुमंडल के लिए एक महत्वपूर्ण सड़क बन गयी है। इन दिनों लग्न में इस सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। यह सड़क उत्तर प्रदेश, झारखंड और बिहार के कई जिलों को जोड़ने का सुगम रास्ता बना है। इस सड़क से गुजरने वाले दानापुर-बक्सर रेलखंड के डुमरांव रेलवे स्टेशन स्थित पश्चिमी गुमटी पर ओवरब्रिज नहीं बनने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शादी-विवाह के मौसम में गुमटी के बंद होने से महाजाम की स्थिति बन जाती है और लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं। राहगीरों की सब्र का बांध टूटने से गुमटी बंद होने के बाद भी रेलवे ट्रैक को वह खुलेआम पार करते नजर आते हैं। इस परिस्थिति में आये दिन लोग हादसे का शिकार बनते हैं। इस समस्या से निजात पाने के लिए पूर्व में सड़क ओवरब्रिज निर्माण को लेकर पहल शुरू हुई थी। रेल विभाग की टीम ने निर्माण के लिए मिट्टी सहित अन्य तकनीकों की जांच किया था। विभाग द्वारा मानक पूरा करने के बाद भी सड़क ओवरब्रिज निर्माण का मामला अधर में लटका है। बताया जाता है कि डुमरांव एक ऐसा रेलवे स्टेशन है जो राजस्व के मामले में भले ही अव्वल है लेकिन यात्री सुविधाओं के मामले में फिसड्डी साबित हो रहा है। रेल यात्री कल्याण समिति के अध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन सिंह ने बताया कि सड़क ओवरब्रिज के निर्माण को लेकर आस जगी थी लेकिन लोगों को ओवरब्रिज बनने का सपना धुंधला पड़ने लगा है।

**दो एनएच को जोड़ता है यह गुमटी:** स्टेशन के पश्चिमी 64 नंबर गुमटी की मुख्य सड़क एनएच 120 और एनएच 922 को जोड़ता है। इस सड़क पर 24 घंटे में करीब 60 से 70 हजार वाहनों का आवागमन होता है। गुमटी के बंद होने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग जाती है और महाजाम का नजारा बन जाता है। इस जाम में आलाधिकारियों के वाहनों के साथ-साथ एम्बुलेंस व स्कूली बसे भी फंसी रहती है। गुमटी के खुलने के बाद भी वाहनों को पार करने मे काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

**आठ घंटे बंद रहती है हर रोज गुमटी:** डुमरांव रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा को लेकर अप और डाउन लाइन में 50 से अधिक ट्रेनों का आवागमन होता है। एक ट्रेन को पार कराने में संभावित रेल गुमटी 10 मिनट तक बंद रहती है। इस तरह 50 ट्रेनों के आवागमन में करीब आठ घंटे तक हर रोज रेल गुमटी बंद रहती है, जिस वजह से राहगीरो को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। यात्री राजकुमार गुप्ता, कृष्णा चंद्रवंशी, श्याम जायसवाल, मोहनजी, अभिषेक, सुदर्शन आदि का कहना है कि रेलवे गुमटी पर ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था होने से वाहनों के आवागमन होने में राहत मिलेगी।

## एक नजर

### गजरांवा मोड़ के पास मामूली विवाद में कार सवार युवकों की पिटाई, सोने की चेन भी छीना

**डुमरांव।** नया भोजपुर में दबंगों की करतूत थमने का नाम नहीं ले रही है। अभी पिछले सप्ताह इंटर के एक परीक्षार्थी को स्टेशन से अगवा करने के बाद बंधक बना पिटाई का मामला थमा भी नहीं है कि शुक्रवार को नया भोजपुर डुमरी रोड स्थित गजरांवा मोड़ के पास कार सवार कुछ युवको की पिटाई तथा एक युवक का सोने का चेन छिनने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ितों का कसूर सिर्फ इतना था कि सड़क पर उछलते कूदते हुए एक बकरी उनके कार के आगे आ गई थी, जिससे उसके पैर में मामूली चोट लगी थी। इसके बाद गजरांवा मोड़ के पास स्थित गजरांवा सिमेंट स्टोर के मालिक तथा कुछ अन्य लोगों ने कार चालक युवकों की पिटाई कर सोने का चेन छिन लिया। पीड़ित डुमरी के आशुतोष कुमार ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि वह तथा उसके चचेरे भाई रौनक व अभिषेक के साथ अपनी बहन को उसके ससुराल में छोड़ने रोहतास जा रहे थे। गजरावा मोड़ के पास विपरित दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर से बचने के प्रयास में दो बकरियां उनके कार के आगे आ गईं। कार चला रहे अभिषेक ने ब्रेक लगाया। इस दौरान एक बकरी का एक पैर कार के पहिया से दब गया। हमलोग अपनी गाड़ी को साइड में खड़ा कर रोके, इसी दौरान गजरांवा सिमेंट स्टोर के मालिक तथा तीन अन्य लोग वहां आ धमके तथा हमलोगों की पिटाई करने लगे। इस संबंध में नया भोजपुर ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### वीर कुंवर सिंह सेतु पर पकड़ी गई शराब से लदी कंटेनर, चालक समेत दो गिरफ्तार

**बक्सर।** बक्सर के वीर कुंवर सिंह सेतू पर उत्पाद विभाग की टीम ने शराब से लदे एक कंटेनर को पकड़ा है। उक्त कंटेनर से 60 लाख की शराब बरामद हुई है। जबकि चालक समेत दो तस्कर भी पकड़े गए है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को उत्पाद विभाग की टीम वीर कुंवर सिंह, चेकपोस्ट पर सघन छापामारी अभियान चला रही थी। इसी दौरान यह खेप पकड़ी गई। कंटेनर पर लगभग 7351 लीटर शराब था, जिसकी कीमत लगभग 60 लाख रुपए आंकी गई है। इस सम्बन्ध में उत्पाद अधीक्षक दिलीप कुमार ने बताया की वीर कुंवर सिंह सेतु पर स्कैनर से जांच के दौरान यह खेप पकड़ी गई। यह कंटेनर राजस्थान से असम जा रही थी। गिरफ्तार सोनू कुमार और संजय कुमार हरियाणा के पानीपत के रहनेवाले हैं।

### विवाहिता ने दर्ज कराया प्रताड़ना का केस

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चतुरशालगंज निवासी एक विवाहिता ने अपने पति और ससुर पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए नामजद केस दर्ज कराया हैं। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुट गयी है। पुलिस को दिये गये आवेदन में पीड़िता सावित्री देवी ने बताया कि हिंदू रीति-रिवाज के साथ मेरी शादी अनिल कुमार यादव के साथ तीन वर्ष पूर्व हुई थीं। शादी के बाद एक आठ माह की बच्ची भी है। इधर जानकारी मिली है कि मेरे पति ने दूसरी शादी रचा ली है। उसके बाद मेरे साथ पति और ससुर द्वारा प्रताड़ित किये जाने लगा। गाली-गलौज और मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया गया। मैं किसी तरह अपनी बच्ची के साथ दर-दर की ठोकरें खा रही हूं।

### गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

**केसठ।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत पीएचसी केसठ में शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व एएनसी जांच की गई। जिसका नेतृत्व पीएससी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि कुल 30 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच के क्रम में महिला चिकित्सकों द्वारा रक्तचाप, वजन, ब्लड ग्रुप, हिमोग्लोबिन, थायराइड, आरबीएस, आरएच समेत सभी तरह की जांच की गई। एएनएम शांति देवी ने खानपान में विशेष ध्यान देने के बारे में बताया। साफ सफाई के प्रति भी जागरूक किया गया। पोषण संबंधित सामग्री जैसे आयरन की गोलियां कैल्शियम गोलिया, केला, सेव सहित अन्य प्रकार की सामग्री वितरण किया गया। मौके पर डॉ सुरेश, विक्की,पप्पू मौजूद रहे।

## खबरें फटाफट

### ग्रामीण क्षेत्र में बिजली चोरी के आरोप में 12 पर केस दर्ज

**डुमरांव।** डुमरांव व नया भोजपुर ओपी थाने के ग्रामीण इलाके में बिजली चोरी के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया। जिसमें 12 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी के आरोप में पकड़ उन पर जुर्माने का साथ नामजद केस दर्ज कराया गया है। डुमरांव थाना क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति प्रशाखा चौंगाई के कनीय विद्युत अभियंता शैलेश कुमार के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें नंदन गांव के रविंद्र दुसाध पर 37893 रुपये, नोनियाडेरा के भरत राम पर 3010 रुपये, रोहित कुमार पर 10108 रुपये, बंझुडेरा गांव के हरेंद्र कुमार पर 8953 रुपये व धनेजर यादव पर 42706 रुपये का जुर्माना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। वहीं नया भोजपुर ओपी थाने में विद्युत आपूर्ति प्रशाखा नया भोजपुर के कनीय विद्युत अभियंता चंदन कुमार के नेतृत्व में जांच की गई। जिसमें प्रतापसागर के नारायण यादव पर 12667 रुपये, देवंती देवी पर 6534 रुपये, हृदया यादव पर 9138 रुपये, जितेंद्र महतो पर 18893 रुपये, मृत्युंजय कुमार सिंह पर 19389 रुपये, विजय शंकर यादव पर 17763 रुपये तथा नन्हक सिंह पर 19776 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## कोरानसराय थाना क्षेत्र के परमानपुर गांव का मामला

# वृद्धा की संदेहास्पद स्थिति में मौत बहु पर लगा हत्या करने का आरोप

- वृद्धा की बहु को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस
- ग्रामीण सूत्रों के अनुसार बहु तथा सास के बीच गुरूवार को हुआ था विवाद

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोरानसराय थाना क्षेत्र के परमानपुर गांव में एक 78 वर्षीय वृद्धा की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई है। उसके बहु पर ही हत्या का आरोप लगा है। पुलिस ने मृतका की बहु को हिरासत में ले पूछताछ कर रही है। घर में सास और बहु के अलावे कोई तीसरा नहीं था। मृतका की पहचान स्व. सीतराम यादव की पत्नी शांति देवी के रूप में हुई है। जबकि हिरासत में ली गई उसकी बहु बड़े बेटे मनीष यादव की पत्नी रीमा देवी है। मनीष बैंगलोर में रह नौकरी करता है। मां की मौत की सूचना मिलते ही वह बैंगलोर से गांव के लिए चल पड़ा है। दिलचस्प है कि उसकी मौत रात में हुई थी, जबकि उसकी बहु ने इसकी सूचना किसी को नहीं दी थी। दोपहर में कनझरूआ पंचायत के मुखिया असगर अली की सूचना पर पहुंची कोरानसराय पुलिस ने शव को कब्जे में लिया तथा बहु को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। ग्रामीण सूत्रों की मानें तो बहु तथा सास के बीच गुरूवार को विवाद हुआ था। ग्रामीण आशंका जता रहे है कि इसी विवाद में बहु ने सास का गला घोट दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। जबकि हत्या को आत्महत्या का रंग देने के लिए उसके गले में रस्सी का फंदा डाल दिया। गुरूवार को सास व बहु के बीच हुए विवाद, पूर्व के झगड़े तथा पुलिस को सूचना नहीं देने से बहु के खिलाफ पुलिस का शक पुख्ता हो गया। जिसके बाद बहु को पुलिस पकड़ थाने लाई।



### पति और सास दोनों से अक्सर होता था विवाद

ग्रामीण सूत्रों की मानें तो मृतका शांति देवी तथा उसके पुत्र मनीष से बहु रीमा का विवाद होते रहता था। कुछ वर्ष पहले विवाद में मनीष रीमा को छोड़ने को तैयार हो गया था। लेकिन बाद में पंचायती में उसने दुबारा विवाद नहीं करने की बात कही थी। इसके बाद मनीष उसे मायके से दुबारा लाया था। कुछ दिनों तक मनीष भी गांव पर रूक अपनी पत्नी की हरकतों को देख रहा था। इस दौरान पत्नी के व्यवहार में हो रहे बदलाव को देख वह खुश हो बैंगलोर गया था। लेकिन इसी बीच गुरूवार को उसकी मां की संदेहास्पद परिस्थिति में मौत हो गई। ग्रामीणों की मानें तो मृतका का एक अन्य बेटा भी है, जो कुछ वर्षों से गायब हो गया है।

**क्या बोले थानाध्यक्ष:** घटना स्थल पर मिले साक्ष्य, मृतका के गले का निशान तथा पूर्व के विवाद से प्रथम द्रष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा गया है। मृतका की बहु को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। उसका पुत्र बैंगलोर से गांव आ रहा है।

## संतोष मिश्र हत्याकांड

### पत्नी ने तीन नामजद व चार पांच अज्ञात पर दर्ज कराया केस

**ब्रह्मपुर।** बगेन थाना क्षेत्र के पिराढ़ गांव निवासी संतोष मिश्र की हत्या मामले में पत्नी रेणु देवी के बयान पर तीन नामजद व चार-पांच अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कराया गया है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़िता ने बताया है कि उसके पति का गांव के ही कलक्टर पांडेय से जमीन विवाद चल रहा था। 15 दिन पहले कलक्टर पांडेय ने उनके मोबाईल पर फोन कर धमकी दिया था। जिसकी रिकार्डिंग भी उनके मोबाईल में थी। गुरूवार की सुबह मैं अपने पति के साथ सिकरिया में आयोजित यज्ञ देखने बाइक से जा रहे थे। गांव से बहार मूंज के पास रास्ता खराब था, जिस कारण वे गाड़ी धीरे-धीरे चला रहे थे। इसी दौरान तीनों नामजदों के अलावे चार-पांच अज्ञात अचानक बाइक के सामने लोहे के रॉड तथा अन्य हथियारों से लैस हो आ गए। तब मेरे पति ने गाड़ी रोकते हुए मुझे घर जाकर परिजनों को बुलाने को भेजा। मैं किसी तरह घर की तरफ भागी। घर से अपने भसूर तथा अन्य सदस्यों को लेकर वहां पहुंची तो देखी कि मेरे पति सड़क किनारे स्थित एक गड्ढें में पड़े है। उन्हें बेरहमी से मारा गया था। उनका हाथ पैर टूट गया था तथा सिर के पिछले हिस्से में फटने का निशान भी बन गया था।

# बक्सर में तनिष्क शोरूम का उद्घाटन, कल तक खरीददारों को मिलेगा सोने का सिक्का

**केटी न्यूज/बक्सर**



शुक्रवार को बक्सर के ज्योति प्रकाश चौक पर टाटा के ज्वेलरी ब्रांड तनिष्क के शो रूम का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन होते ही पूरे दिन खरीददारों की भीड़ लग गई थी। तनिष्क के बिजनेस एसोसिएट दीपक पांडेय ने बताया कि पिछले 55 वर्षों से उनका परिवार टाटा तथा बक्सरवासियों का भरोसा जितने में सफल रहा है। वहीं अब टाटा के ज्वेलरी ब्रांड तनिष्क के साथ ही हमारा नाम जुड़ गया है।

उन्होंने कहा कि बक्सर में तनिष्क का यह शो रूम शाहाबाद के साथ ही यूपी के पूर्वांचल के जिलों के खरीददारों के लिए लाभदायक साबित होगा। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी तक यहां से किसी भी तरह के आभूषण खरीदने वाले ग्राहकों को गिफ्ट में सोने का सिक्का दिया जाएगा। शोरूम का उद्घाटन बिहार राज्य महादलित आयोग के अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री संतोष कुमार निराला, सदर अनुमंडल पदाधिकारी धीरेन्द्र मिश्र, तनिष्क के बिजनेस रीजनल मैनेजर बिक्रमजीत महलानोबिस, राजेंद्र पांडेय समेत अन्य ने किया। उद्घाटन के दौरान कथावाचक रणधीर ओझा द्वारा मंत्रोच्चार किया गया। तनिष्क के बिजनेस रीजनल मैनेजर बिक्रमजीत महलानोबिस ने कहा की बक्सर का शो रूम बिहार का 29वां स्टोर है। देश का पसंदीदा ज्वेलरी ज्वेलरी ब्रांड होने के नाते हमें गर्व है कि हमने ईस्ट 2 रीजन में हमारा 42 वां स्टोर शुरू किया है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं और हर प्रश्न के लिए अनुरूप आभूषण तनिष्क में प्रस्तुत किए जाते हैं। सोने, हीरे और प्लैटिनम के एक से बढ़कर एक आभूषणों के कलेक्शन यहां हैं। हमें आशा है कि बक्सर के उपभोक्ताओं को इस शानदार स्टोर का अनुभव खूब पसंद आएगा। मौके पर हनुमान अग्रवाल, श्रवण तिवारी, अनुराग पांडेय, प्रकाश पांडेय, मोहन चौबे, रिंकू पांडेय, राजा पाहवा, संजय सिंह राजनेता, बंटी शाही, नंदू पांडेय, संतोष पाठक, लल्लू लाल उर्फ. मनोज श्रीवास्तव, राजेश केशरी, रितेश रंजन, सुप्रभात गुप्ता, प्रमोद पांडेय, पप्पू राय, प्रदीप राय, गिट्टू तिवारी समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

# चोरी की समरसेबल व बाइक के साथ चार चोर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नावानगर थाना क्षेत्र के रूपसागर गांव से चार फरवरी को चोरी हुए ट्यूबवेल के मोटर तथा चोरी की एक बाइक के साथ चार शातिर चोरों को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जबकि उनका पांचवा साथी पुलिस की भनक लगते ही भागने में सफल रहा। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। शुक्रवार को डुमरांव डीएसपी ने प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि चार फरवरी को नावानगर थाना क्षेत्र के रूपसागर गांव निवासी अजित कुमार सिंह के खेत में लगे ट्यूबवेल के मोटर की चोरी हो गई थी। इस मामले में पीड़ित ने नावानगर थाने में 8 फरवरी को कांड संख्या 30/24 दर्ज कराया तथा आशंका जताया था कि गांव के ही रितीक कुमार पिता सतीश कुमार तथा राहुल कुमार पिता रविन्द्र कुमार ने चुराया है। एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने जब रितीक व राहुल को पकड़ पूछताछ शुरू की तो दोनों ने बताया कि वे मोटर को 4500 रूपए में गांव के ही मुनी यादव उर्फ नितेश यादव पिता अक्षय कुमार सिंह को बेचा है। पुलिस ने उसे पकड़ा तो उसने बताया कि मोटर को वह अपने खेत में लगे झोपड़ी में छिपाकर रखा है। उसके निशानदेही पर पुलिस ने मोटर को बरामद कर लिया। वही रितिक व राहुल ने पूछताछ के क्रम में ही योगेन्द्र सिंह के पुत्र सुमंत कुमार का नाम भी लिया तथा बताया कि वे लोग ग्लैमर बाइक गांव के ही अंकित कुमार पिता श्रीभगवान गुप्ता से खरीदी है। लेकिन दोनों ने पुलिस के समक्ष उक्त बाइक का कागजात उपलब्ध नहीं कराया। जिसके बाद पुलिस अंकित की तलाश में जुट गई। लेकिन अंकित फरार हो गया है। चोरों की गिरफ्तारी नावानगर थानाध्यक्ष नंदू कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने की है। टीम में एएसआई मनोज कुमार सिंह के अलावे सशस्त्र बल शामिल थे।




## भव्य कलश यात्रा से होगी महायज्ञ की शुरुआत, आयोजन से श्रद्धालुओं का बढ़ा उत्साह

# बलिहार में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिनी महायज्ञ 11 से

**केटी न्यूज/सिमरी**



बलिहार के इटावा टोला स्थित शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। यह पांच दिवसीय महायज्ञ 11 फरवरी को कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। इसकी तैयारी तेज हो गई है। आयोजन समिति से जुड़े दर्जनों युवा पिछले एक सप्ताह से महायज्ञ स्थल की सफाई, मंडप निर्माण, साधु संतो के लिए झोपड़ी व श्रद्धालुओं के बैठने तथा ठहराव के लिए झोपड़ियों का निर्माण करवा रहे हैं। महायज्ञ स्थल पर बजने वाले भक्ति गीतों से गांव में भक्तिरस की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। गांव का वातारण भक्तिमय हो उठा है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष श्यामबिहारी सिंह, सदस्य वशिष्ठ सिंह, निशिकांत सिंह एवं अधिवक्ता शिवशंकर सिंह ने बताया कि यह मंदिर लगभग 60 साल पुराना है। मंदिर में अभी तक भगवान शिव का प्राण प्रतिष्ठा नहीं हुआ था। भक्तों के सहयोग से धूमधाम से प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मन्दिर में भगवान शिव के साथ माता पार्वती, भगवान गणेश, गंगाजी, नन्दीजी एवं वीर हनुमान जी विराजमान होंगे।

उन्होंने बताया कि 11 फरवरी को विशाल कलश-शोभायात्रा के साथ यज्ञ का शुभारंभ हो जाएगा। यह भव्य शोभायात्रा शिव मंदिर प्रांगण से गाजे बाजे व हाथी घोड़े के साथ निकाली जाएगी जो गाँव की परिक्रमा करते हुए गंगा घाट तक पहुँचेगा जहाँ श्रद्धालु उत्तरायणी गंगा में स्नान कर पवित्र जल को कलश में लेकर पुनः यज्ञस्थल पर वापस लौट आएंगे। इसी दिन जल यात्रा , यज्ञ मंडप प्रवेश, पंचांग पूजन, अग्नि स्थापन ,अरणी मंथन, हवन जालाधिवास, महाआरती पुष्पाजंलि आदि का आयोजन भी होगा। जबकि 12 से 15 फरवरी तक प्रतिदिन संध्या 4 बजे से 6 बजे तक संगीतमय रामकथा का रसपान कराया जाएगा। प्रख्यात संत श्री श्री 1008 मामा जी के परम शिष्य रामचरित्र दासजी महाराज के संगीत मंडली द्वारा भक्तों को प्रवचन के माध्यम से भक्ति के सागर में गोता लगवाया जाएगा। 14 फरवरी को मूर्ति का नगर भ्रमण व जागरण करवाया जाएगा तथा 15 फरवरी को वैदिक मंत्रोच्चार व पूरे विधि-विधान से वेदी पूजन व रूद्राभिषेक हवनादि के साथ ही शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगा। पूणार्हुति पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। यज्ञ समिति ने बताया कि यज्ञ के यज्ञाचार्य सुदामा पंडित की देखरेख में सभी वैदिक अनुष्ठान संपन्न होंगे।



# कामिल एवं फाजिल परीक्षा में सम्मिलित होंगे कुल 6363 परीक्षार्थी

- परीक्षा में लापरवाही मिली तो संबंधित के खिलाफ होगा मुकदमा दर्ज

**केटी न्यूज/मऊ**

अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित सेकेंडरी, सी.सेकेंडरी, कामिल एवं फाजिल परीक्षा 2024 के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी साहित्य निकष सिंह ने परीक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित सेकेंडरी, सी.सेकेंडरी, कामिल एवं फाजिल परीक्षा 2024 दिनांक 13, 14, 15, 19, 20, एवं 21 फरवरी 2024 को 09 परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित है। परीक्षा केन्द्रों के नाम जिसमें शारदा देवी आर्य बालिका इंटर कॉलेज लोहाटिकर, मुस्लिम इंटर कॉलेज, आलिया गर्ल्स इंटर कॉलेज, मोमिन अंसार गर्ल्स इंटर कॉलेज अतरारी, एम.एस. पूर्वांचल बालिका इंटर कॉलेज रेवरीडीह, नेशनल इंटर कॉलेज नादवासराय, महावीर उच्च माध्यमिक विद्यालय कसारा, परमानंद इंटर कॉलेज कसारा एवं भृगुनाथ इंटर कॉलेज पारा मुबारकपुर मऊ में परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी। परीक्षा में



कुल 6363 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे, जिसमें 3334 छात्र एवं 3029 छात्राएं हैं। परीक्षा केंद्रों पर 09 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 05 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 03 जोनरल मजिस्ट्रेट की देख रेख में परीक्षाएं सम्पन्न होंगी। अपर जिलाधिकारी ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि मदरसा बोर्ड की परीक्षा भी यूपी बोर्ड की तरह ही संपन्न होगी। परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी।

## जनपद में 74 केंद्रों पर होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

**बलिया।** प्रदेश में होने वाली पुलिस की भर्ती के लिए जिले में 74 परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। परीक्षा के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग तैयारियों में जुटा है। केंद्र बनाए गए विद्यालयों से शिक्षकों का डाटा मांगा गया है। ताकि परीक्षा में कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी लगाई जा सकें। प्रदेश में आरक्षी पुलिस भर्ती के 80 हजार पदों को भरने के लिए 17 और 18 फरवरी को परीक्षा होगी। परीक्षा ओएमआर शीट पर होगी। पुलिस भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को उनके निकटतम स्थान पर परीक्षा में शामिल कराने के लिए व्यवस्थाएं की जा रही है। इसके लिए तैयारियां अभी से शुरू कर दी गई है। पुलिस महानिदेशक (पुलिस भर्ती) ने जिला विद्यालय निरीक्षक को परीक्षा के लिए उपलब्ध परीक्षा केंद्रों का विवरण मांगा था। विभाग ने 74 विद्यालयों को परीक्षा के लिए चिह्नित कर सहमति मांगी थी। इसके बाद 74 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाने पर अंतिम मुहर लगा दी गई। जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह ने बताया कि जिन विद्यालयों को केंद्र बनाया गया है उनके विद्यालयों में तैनात शिक्षकों की सूचना मांगी गई है, जिससे कक्ष निरीक्षक बनाते समय दिक्कत न हो।

## एक नजर

### जल्द बनकर तैयार होगा स्टेडियम

**चंदौली।** धान का कटोरा कहे जाने वाले चंदौली जिले में जल्द ही खेलों की पौध लहलहाने की उम्मीद जग गई है। जिले में 23.60 करोड़ की लागत से स्पोर्ट्स स्टेडियम के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। शासन द्वारा स्टेडियम के लिए जमीन खरीदने के एवज में 5 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की गई है। गौरतलब है कि कि जिले में स्टेडियम के निर्माण की मांग काफी दिनों पहले से की जा रही है। जनप्रतिनिधियों ने इसके लिए काफी दिनों से प्रयास भी किया था लेकिन सफलता मिली है केंद्रीय मंत्री व जिले के सांसद डॉ. महेंद्र नाथ पांडे को। चंदौली में स्पोर्ट्स स्टेडियम के निर्माण के लिए न सिर्फ मंजूरी मिली है बल्कि इसके लिए धनराशि भी स्वीकृत कर दी गई है। कार्य जल्दी पूरा हो इसके लिए निर्माण की एजेंसी भी चुन ली गई है। खेल निदेशक की ओर से कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड को पांच करोड़ रुपए की धनराशि मुहैया कराने का आदेश भी दिया जा चुका है। स्टेडियम परियोजना का अलग-अलग चरण में विकास किया जाएगा इसके लिए अलग-अलग राशि भी निर्धारित की गई है।

### पीएचसी देवकली में 12 को लगेगा स्वास्थ्य कैंप

**गाजीपुर।** जनपद के देवकली ब्लॉक मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवकली पर आगामी 12 फरवरी को मानसिक स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया है। प्रचार- प्रसार के लिए प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. एसके सरोज ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन देवकली ब्लॉक के सभी गांवों में भ्रमण कर सोमवार को लगने वाले मानसिक जांच कैंप का प्रचार -प्रसार करेगा। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा० एसके सरोज ने कहा शासन की मंशा व मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर देवकली ब्लाक में 12 फरवरी सोमवार को मानसिक जांच कैंप आयोजित है। जिसमें जांच के साथ ही दवा परामर्श भी दिया जाएगा। समय से उपस्थित होकर कैंप का लाभ उठाएं। मानसिक रोग असाध्य नहीं है, समय से इलाज कर रोगी को ठीक किया जा सकता है।

### धनईपुर ग्राम में 28 से होगा रुद्र महायज्ञ

**गाजीपुर।** देवकली विकास खंड के धनईपुर ग्राम में 28 फरवरी से आठ मार्च के बीच संत सम्मेलन तथा रुद्र महायज्ञ आयोजित किया गया है। यह जानकारी कार्यक्रम का आयोजक संत श्री 1008 संत घनश्यामाचार्य उर्फ बालक स्वामी जी महराज ने दी। श्रीस्वामी ने बताया कि 28 से आठ मार्च के बीच प्रतिदिन अपराह्न दो बजे से रात्रि आठ बजे के बीच श्रीमद्भागवत कथा व वृन्दावन की मशहूर रासलीला मंडली द्वारा रात्रि आठ से 12 बजे के बीच श्रीकृष्ण जीवन चरित्र पर आधारित रासलीला का कार्यक्रम आयोजित है। यज्ञशाला सहित अन्य सभी तैयारियां जोर -शोर से चल रही हैं। तन, मन, धन से सहयोग कर उक्त निर्धारित तिथि में मौजूद होकर कार्यक्रम का लाभ उठाएं।

### मुंसफी परिसर में बने सरकारी आवास का उद्घाटन

**गाजीपुर।** जिला अंतर्गत सैदपुर नगर के मुंसफी परिसर में सिविल जज के लिए बनाए गए दो आवासों का हाईकोर्ट के जज ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके पश्चात बनाए गए दोनों आवासों का निरीक्षण किया। हाईकोर्ट के जज मनोज बजाज ने एक करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से बनाए गए दोनों आवासों का फीता काटा। इन आवासों में न्यायालय के दोनों जज रहेंगे। यहां सरकारी आवास न होने के चलते वो वैकल्पिक व्यवस्था के तहत किराए पर रहते थे। आवास बन जाने से अब उन्हें भी काफी सहूलियत होगी। इस बाबत हाईकोर्ट के जज ने परिसर का अवलोकन किया और कहा कि एक आवासों की लम्बे अरसे से जरूरत थी। इस मौके पर जिला जज संजय कुमार सप्तम, एडीजे प्रथम चंद्रप्रकाश तिवारी, एडीजे ईसी संजय यादव, एडीजे एमपी एमएलए अरविंद मिश्र, सिविल जज जूडि शिवानी, अपर सिविल जज जूडि विवेक यादव, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, मनीष पांडेय आदि रहे।

### पीएम को कागजी ओबीसी बोलने पर बिफरे भाजपाई

**पीडीडीयू नगर।** पीएम नरेंद्र मोदी पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा दिये गए विवादित बयान से भाजपा कार्यकर्ता नाराज हैं। शुक्रवार को नाराज ओबीसी मोर्चा के कार्यकताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंक अपनी नाराजगी जाहिर की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी की पार्टी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। दरसअल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी पीएम नरेंद्र मोदी की जाति को लेकर अबतक हमलावर रहे हैं और लगातार उनके ओबीसी न होने का दावा कर रहे हैं। इस बीच उनके द्वारा पीएम मोदी पर दिए गए बयान कागजी और चुनावी ओबीसी अपने दिन गिनें, हम जातिगत गिनती कराएंगे। सुर्खियों में है। वहीं राहुल गांधी द्वारा दिये गए इस बयान को लेकर भाजपाइयों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा दिये गए इसी बयान के विरोध में चंदौली भाजपा के ओबीसी वर्ग सड़क पर उतर आए और राहुल गांधी मुदार्बाद का नारा लगाते हुए उनका पुतला फूंक अपना विरोध जताया।

## खबरें फटाफट

### पॉक्सो एक्ट के आरोपी को आजीवन कारावास

**बलिया।** बलात्कार व पॉक्सो एक्ट के मामले में सुनवाई करते हुए सिविल कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी को शुक्रवार की दोपहर आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 50 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। आरोपी का नाम अविनाश कुमार सिंह सुल्तानपुर गांव का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2020 में बांसडीह कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस द्वारा न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत करने के बाद साक्ष्यों का न्यायिक परिसीलन करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी अविनाश कुमार सिंह को दोषी करार दिया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 50 हजार रूपए के अर्थदंड से भी दंडित किया।

### डीएम व एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**बलिया।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में मचे बवाल के बीच जिलाधिकारी रविंद्र कुमार व एसपी देवरंजन वर्मा ने शुक्रवार की दोपहर बिशुनीपुर मस्जिद पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सुरक्षा व्यवस्था में लगे सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया। आम जनमानस से अपील किया कि सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचें। कहा कि यदि कोई अराजकता फैलाते हुए पाया जाता है तो पुलिस उससे सख्ती से निपटेगी। इस दौरान डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से पैदल मार्च कर पुलिस बल के साथ संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील जगहों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में धारा 144 लागू है। लिहाजा पुलिस इसकी कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित करें।

### पांचवें दिन भी नगर पंचायत में जड़ा रहा ताला

**बलिया।** ईओ अनिल कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर चितबड़ागांव नगरपंचायत कार्यालय में बीते सोमवार से शुरू तालाबंदी शुक्रवार को पांचवें दिन भी जारी रही। सभासदों ने कहा कि जब तक भ्रष्ट ईओ अनिल कुमार के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी, तब तक तालाबंदी जारी रहेगी। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि करोड़ों रूपए भुगतान के मामले में ईओ अनिल कुमार को डीएम रविंद्र कुमार द्वारा गठित जांच टीम ने दोषी पाया था। इसके बाद डीएम रविंद्र कुमार ने ईओ के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भी लिख चुके हैं।

### प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 14 फरवरी को

**पीडीडीयू नगर।** अलीनगर स्थित ब्राह्मण बस्ती में बने नए नर्वदेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा 14 फरवरी को होगा। इस मंदिर में शिव ,शिवलिंग बजरंगबली, राम दरबार एवं राधा कृष्ण की मूर्ति स्थापित की जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुभारम्भ 10 फरवरी से होगी। जिसमें ब्राह्मणों द्वारा 10 फरवरी को पंचांग पूजन व जल अधिवास पूजन कलश यात्रा निकाली जायेगी। 11 फरवरी को श्रीगणेश भगवान का वेदी पूजन इत्यादि , 12 फरवरी को अधिवास एवं रात्रि हरि कीर्तन 13 फरवरी को मंदिर संस्कार प्रतिमाओं का नगर भ्रमण एवं शैय्या अधिवास इत्यादि कार्यक्रम होंगे।

## पीड़ित ने स्थानीय थाना में चोरों के खिलाफ दर्ज करायी प्राथमिकी

# रिटायर्ड सूबेदार के घर से नौ लाख की चोरी

- रिटायर सूबेदार के घर को चोरों ने बनाया निशाना
- घटना के समय घर में था ताला बंद
- परिवार के सदस्य गये थे शादी समारोह में शामिल होने

**केटी न्यूज/चंदौली**



मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के चौरहट गांव में पूर्व रिटायर्ड सूबेदार के बंद घर के कमरे का ताला तोड़कर नगदी सहित लगभग नौ लाख रुपए के जेवरात पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने जलीलपुर चौकी पर दी लिखित आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है। चौरहट गांव में लगभग दो वर्षों से रिटायर्ड सूबेदार शमीम खान गांव में मकान बनवा कर परिवार के साथ रह रहे थे। गुरुवार को गाजीपुर में रिलेशन में शादी होने की वजह से वह अपने परिवार के साथ गाजीपुर गए हुए थे। इधर रात्रि में चोरों ने मौका पाकर सबसे पहले घर के दरवाजे का ताला तोड़ा उसके बाद वह दो कमरों का भी ताला तोड़ने में कामयाब हो गए। जिसमें एक बॉक्स में रखे दो लाख 28 हजार रुपए नकदी शामिल है। वहीं दूसरे कमरे में आलमारी में रखे एक हीरे की अंगूठी, मांग टीका, सोने की एक अंगूठी, एक ढाई भर के सोने की चेन, गले का हार, एक जोड़ी झुमका के साथ ही किमती कपड़ों व अन्य सामानों पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। आसपास के लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी। इधर शुक्रवार को रिटायर्ड सूबेदार परिवार सहित शादी से वापस घर पहुंचे तो घर का ताला खुला देखा वह सन्न रह गए। उसके बाद वह अन्य कमरों को भी देखा। चोरी का मामला देख घर में कोहरा मच गया। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी और लिखित तहरीर चौकी पर देने के बाद जलीलपुर पुलिस मौके का मुआयना करने के बाद वापस लौट गई । इस संबंध में चौकी प्रभारी मनीष सिंह का कहना है कि इतनी घनी आबादी के बीच में चोरी हुई है जल्द से जल्द चोरों को पकड़ा जाएगा।

## ग्राम परिक्रमा यात्रा कार्यक्रम को लेकर लोगों को किया जागरूक




**केटी न्यूज/गाजीपुर**

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रुद्रप्रताप सिंह ने शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय छावनी लाइन के कांफ्रेंस हॉल में मोर्चा द्वारा आयोजित हुई। इसमें परिक्रमा यात्रा कार्यक्रम को लेकर लोगों को संबोधित किया। और कहा कि सबका साथ, सबका विकास के मजबूत इरादे तथा सेवा समर्पित कार्यो के बल पर लगातार दस वर्षों से केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में स्थापित भारतीय जनता पार्टी सरकार ने जनता के लिए अनेक कल्याणकारी कार्य किए हैं। और हर बार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक को लाभान्वित किया है। वंचित और पिछड़े व्यक्ति तक पहुंचना भारतीय जनता पार्टी का सिर्फ एक चुनावी वादा नहीं बल्कि एक संकल्प है। किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी अनेक योजनाएं इस बात की साक्षी हैं कि मोदी सरकार अंत्योदय के सिद्धांत को समर्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि देश में चार प्रमुख वर्ग हैं। जिसमें गरीब, किसान ,युवा और महिलाएं शामिल हैं। इन वर्गों का विकास ही समग्र राष्ट्र के विकास का आधार है। 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद किसानों को केंद्र में रखकर कई नीतियों और योजनाओं को लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का मानना है कि 2047 तक का समय भारत के विकास यात्रा के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है और हमारा देश कृषि प्रधान देश है। देश की अर्थव्यवस्था में किसानों का अहम योगदान तथा विकसित भारत की नींव भी किसान और मजदूर ही रखेंगे।

## बाइक व स्कूटी की आमने-सामने जोरदार टक्कर में अधेड़ की मौत, चार घायल



**केटी न्यूज/ बलिया**

गड़वार- बलिया मार्ग के बनरही गांव के सामने शुक्रवार की शाम बाइक व स्कूटी की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में एक अधेड़ की मौत हो गई। जबकि एक महिला समेत चार लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां एक महिला व एक युवक को भर्ती कर लिया गया। जबकि मामूली रूप से घायल दो युवक को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार एक बाइक पर तीन तथा स्कूटी पर महिला समेत तीन लोग सवार थे। एक बाइक सवार बलिया से गड़वार की ओर जा रहा था।जबकि दूसरा स्कूटी सवार गड़वार से बलिया की ओर आ रहा था। जैसे ही ये लोग गड़वार- बलिया मार्ग के बनरही गांव के सामने पहुंचे कि दोनों बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिससे जगदरा निवासी अर्जुन राम उम्र 45 की जहां मौत हो गई। वहीं बनरही की रहने वाली गुरिया व बनरही का रहने वाला अंजनी कुमार का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। अन्य दो युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। उधर मौत की सूचना मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया।

## छात्रों को अपना सर्वश्रेष्ठ देना ही शिक्षकों का असली सम्मान : डॉ अजय कृष्ण

**केटी न्यूज/ चंदौली**

मैक्सवेल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज जगदीश सराय चंदौली में आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन शुक्रवार की शाम को संस्थान परिसर में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि वाराणसी के सेवानिवृत्त जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वेस ने माँ सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण करके व दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ अजय कृष्ण विश्वेस ने कहा कि छात्रों को अपना सर्वश्रेष्ठ देना ही शिक्षकों का वास्तविक सम्मान है। उन्होंने कहा कि कर्तव्य पथ पर अग्रसर होने में नियम कानून के साथ अपने विवेक का भी इस्तेमाल करना जरुरी होता है। मेरे पिता द्वारा वाराणसी में मानी गयी




मनौती के कारण ही मेरा नाम विश्वेस पड़ा। उसी कर्तव्य पालन में कई फैसले ऐसे भी हुए जो ऐतिहासिक की श्रेणी में आ गये। इस दौरान कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा कबड्डी, खो खो, चेस, कैरम, दौड़, लेमन स्पून दौड़ आदि खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र, शील्ड आदि देकर सम्मानित किया। कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती बन्दना, स्वागत गीत सहित अनेक देशभक्ति, धार्मिक और मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही बटोरी।कार्यक्रम आयोजक और संस्थान के चेयरमैन डॉ महेंद्र नारायण पाण्डेय व डायरेक्टर डॉ के एन पाण्डेय ने मुख्य अतिथि सहित आये हुए सभी अतिथियों को बुके, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओ ने मौन होकर किया स्नान दान

# मौनी अमावस्या पर पश्चिम वाहिनी गंगा में लगायी आस्था की डुबकी

**केटी न्यूज/चंदौली**

मौनी अमावस्या पर शुक्रवार को बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। गंगा घाट खचाखच भरा पड़ा था। लाखों श्रद्धालुओं ने पश्चिम वाहिनीं घाट पर पतित पावनी मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान दान का सिलसिला भोर से शुरू होकर दोपहर तक चलता रहा। स्नानार्थियों व मेला की भीड़ के मद्देनजर चप्पे चप्पे पर पुलिस की तैनाती रही। अधिकारी द्वय चक्रमण करते रहे। बाल्मीकि इंटर कालेज फील्ड से लेकर चहनियां तक मेले में दुकानों पर खरीददारी करने वालों की भीड़ लगी रही। बलुआ स्थित पश्चिम



वाहिनीं गंगा तट पर अलसुबह से ही स्नानार्थियों के आने का क्रम शुरू हो गया।समूचा गंगा घाट,राम घाट सराय स्नानार्थियों से पट गया। लाखों की संख्या में श्रद्धालुओ के आने से जगह नहीं बची। आस्थावानों ने पतित पावनी मां गंगा के तट पर डुबकी लगाने के बाद हर हर गंगे, हर हर महादेव के उदघोष के साथ गुंजायमान रहा । गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने घाट पर साधु संतों व भिक्षुओं को दान पुण्य किया। जिलाधिकारी निखिल टी फुडे के निर्देश के बाद स्नानार्थियों के सुरक्षा व सुविधा के व्यापक इंतजाम रहा। गंगा घाट के समीप रैन बसेरा, अस्थायी शौचालय व महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम बनाया गया था। भोर में स्नानार्थियों को घाट पर परेशानी न हो इसके लिए प्राथमिक विद्यालय, थाने से लेकर घाट तक जिला पंचायत विभाग लाइटिंग की व्यवस्था दुरुस्त रही। घाट पर बैरिकेटिंग के साथ ही पुलिस, एनडीआरएफ की टीम, जल पुलिस टीम, गोताखोर की टीम स्नान के दौरान नाव बोर्ड पर चक्रमण कर खतरे से आगाह करती रही । उपजिलाधिकारी अनुपम मिश्रा, क्षेत्राधिकारी पी रघुबीर व थाना प्रभारी विनोद मिश्रा के नेतृत्व में भारी मात्रा में फोर्स चहनियां से लेकर बलुआ घाट पर चक्रमण करती रही। अमावस्या पर बलुआ पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर स्नानार्थियों की मदद में सामाजिक संगठनों की भी सक्रियता देखने को मिली। सामाजिक संगठनों ने स्टाल लगाकर स्नानार्थियों की सेवा व मदद किया । गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने मेला का माइक के द्वारा खोया पाया व अन्य सूचनाओं का संचालन किया। समिति के कार्यकर्ता लोगों की मदद में लगे रहे।





